भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 483**
उत्तर दिनांक 23/07/2026 को दिया गया

**परमाणु ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विद्युत उत्पादन**

483. डा. भीम सिंह

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार की परमाणु ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विद्युत उत्पादन बढ़ाने की नीति के अंतर्गत, बिहार राज्य में किसी परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करने या इस हेतु व्यवहार्यता अध्ययन करवाने की कोई योजना है; और

(ख) देश की कुल नाभिकीय विद्युत क्षमता को वर्ष 2031-32 तक बढ़ाकर 22,800 मेगावाट करने के निर्धारित लक्ष्य में बिहार की भागीदारी सुनिश्चित करने और राज्य को स्वच्छ एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए क्या विशेष नीतिगत उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) बिहार राज्य में नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थलों के निर्धारण हेतु बिहार सरकार के साथ संपर्क में है। वर्ष 2031-32 तक लगभग 22 गीगावाट स्थापित नाभिकीय विद्युत क्षमता प्राप्त करने की सरकार की वर्तमान योजना में बिहार राज्य की भागीदारी परिकल्पित नहीं है।

*****